प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 12.10.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :—

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में किसाना से किया संवाद : मोरिंगा की खेती के लिये महिलाओं को प्रेरित करने वाली लखनऊ की डॉ0 कामिनी सिंह की, की सराहना।
2. लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर प्रदेशभर में 31 अक्टूबर से 26 नवम्बर के बीच यूनिटी मार्च का किया जायेगा आयोजन : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा— सरदार वल्लभ भाई अखंड भारत के हैं शिल्पी।
3. मुख्यमंत्री ने गोमती पुनर्जीवन मिशन की घोषणा की : पीलीभीत से गाजीपुर तक गोमती के प्रवाह क्षेत्र को बनाया जाएगा अविरल और निर्मल।

और

4. उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग की पीसीएस प्रारम्भिक परीक्षा सख्त निगरानी के बीच एक हजार 435 केन्द्रों पर सकुशल हुई सम्पन्न।

———————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में किसानों से संवाद किया। इस दौरान लखनऊ की रहने वाली डॉ0 कामिनी सिंह ने भी प्रधानमंत्री से मुलाकात की। डॉ0 कामिनी ने मोरिंगा यानी सहजन की खेती के माध्यम से

प्रदेश की महिला किसानों को न सिर्फ आत्मनिर्भर बनाया, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में भो नई ऊर्जा भर दी। प्रधानमंत्री ने उनको सफलता की सराहना करते हुए उनसे मोरिंगा की खेती की बारीकी को समझा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से डॉ0 कामिनी ने एफपीओ के माध्यम से एक हजार से अधिक महिला किसानों को जोड़कर एक नई शुरूआत की। उन्होंने इसकी खेती क लिये उन्हें प्रेरित किया और इसके जरिये डेढ़ दर्जन उत्पाद बनाकर बाजार तक उनकी पहुंच बनाई। महिलाए मोरिंगा की खेती के साथ–साथ प्रोसेसिंग और पैकेंजिंग का काम भी करती है।

———————

भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर प्रदेश भर में 31 अक्टूबर को रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। वहीं 31 अक्टूबर से 26 नवंबर के बीच यूनिटी मार्च आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में आयोजित प्रेसवार्ता में यह जानकारी देते हुए बताया कि इससे पहले स्थानीय स्तर पर लोगों को जागरूक करने के लिये कई कार्यक्रम भी होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी होने के साथ ही अखंड भारत के शिल्पी भी हैं। बाइट.....

*अखंड़ भारत से आत्मनिर्भर भारत, आत्मनिर्भर भारत से विकसित भारत, तो विकसित भारत की इस आधार शिला को मजबूती प्रदान करने के लिए हम लोग इस पूरे अभियान का हिस्सा बनेंगे, प्रदेश की सभी 403 विधान सभा क्षेत्रों में, 80 लोक सभा सीटों पर ये कार्यक्रम होंगे और सभी 75 जनपदों के पांच–पांच युवा सरदार साहब के जन्भूमि में जाने के लिये यहां से प्रस्थान करेंगे और उनको करमसद से ले करके केवड़िया तक 150 किलोमीटर की इस पद्यात्रा में देश भर से आए युवाओं से मिलने और उस कार्यक्रम का हिस्सा बनने का भी एक अवसर प्राप्त होगा।*

————————

प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने आज मुंबई में आयोजित सरदार पटेल रन फॉर यूनिटी मैराथन की शुरुआत की। इस मैराथन में मुंबई के हजारों युवाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर श्री अंसारी ने कहा कि आज मुंबई की सड़कों से पूरे देश में एकता और भाईचारे का एक संदेश दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने लिए भारत एकजुट होकर आगे बढ़ रहा है। युवाओं से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि हमें फिट इंडिया मुहिम के साथ जुड़कर अपने भारत को फिट बनाना है।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'गोमती नदी पुनर्जीवन मिशन' की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि गोमती केवल एक नदी नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक चेतना, आध्यात्मिक विरासत और जीवनधारा की प्रतीक है। गोमती टास्क फोर्स

के साथ आज लखनऊ में हुई महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने इस मिशन की विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की। एक रिपोर्ट.....

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि गोमती में एक भी बूंद सीवरेज न गिरे, इसके लिए अल्पकालिक और दीर्घकालिक रणनीति तैयार की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि नदी किनारे बसे अवैध बस्तियों में घुसपैठियों की पहचान कर कार्रवाई की जाए, जिससे गोमती के तटों पर स्वच्छता और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि मिशन का दायरा पीलीभीत से गाजीपुर तक गोमती नदी के संपूर्ण प्रवाह क्षेत्र को कवर करेगा, जिससे गोमती अपने पूरे विस्तार में स्वच्छ, अविरल और निर्मल रूप को फिर से प्राप्त कर सके। गोमती नदी पुनर्जीवन मिशन आस्था, पर्यावरण और विकास से संगम का प्रतीक बनेगा। मुख्यमंत्री ने जनता से इसमें सहभागिता की अपील की। आकाशवाणी समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।*

———————————

प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने शाहजहांपुर में कृत्रिम अंग–सहायक उपकरण योजना के अन्तर्गत दिव्यांगजनों को 15 ट्राईसाइकिल सहित 41 उपकरण वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन किसी भी क्षेत्र में कम नहीं हैं। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता पर ट्राईसाइकिल और 80 प्रतिशत से अधिक पर मोटराइज्ड साइकिल उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों के साथ खड़ी है तथा उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए हरसंभव सहायता प्रदान की जा रही है।

——————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं। ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

——————————

**भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के हस्तशिल्प सेवा केंद्र द्वारा महोबा में आज से छह दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में गौरा पत्थर से जुड़ महिला और पुरुष शिल्पकारों को भी उद्यमिता और विपणन के गुर सिखाए जायेंगे। वस्त्र मंत्रालय के हस्तशिल्प संवर्धन अधिकारी विशाल वर्मा, ने बताया कि सरकार हुनरमंद हस्तशिल्पियों की पहचान कर उन्हें विभिन्न योजनाओं से जोड़ रही है। बाइट.....**

*इस उद्यमिता विकास कार्यक्रम में हम 20 हस्तशिल्पियों को उनके बिजनेस को आगे बढ़ाने के लिए जो भी मूलभूत बातें हैं जैसे चाहे वो आनलाईन मार्केटिंग हो, चाहे वो उद्यमिता विकास की अवधारणा के बारे में हो, वेस्ट मैनेजमेंट हो, जीएसटी हो, बैंकिग हो, एकाउटिंग हो, इत्यादि जितने भी पहलू हैं जो इनके बिजनेस को आगे बढ़ा सकते हैं उसके बारे में हमारे जिले विषय विशेषज्ञ अपने क्रमागत रूप में उनको विस्तृत विवरण देंगे,*

*जिससे हमारे सभी हस्तशिल्पि लाभान्वित होंगे और अपने रोजगार को अपने दम पे कर सकने में कुशल और सक्षम होंगे।*

——————————

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वस्तु और सेवा कर यानी जीएसटी बचत उत्सव की घोषणा पिछले महीने की 22 तारीख़ को की थी। इसका लाभ पूरे देश को मिल रहा है। आज एक नज़र उत्तरप्रदेश में विभिन्न उद्योगों पर इसके सकारात्मक प्रभाव पर**

*नए जीएसटी सुधार उत्तर प्रदेश के कारीगरों, किसानों और छोटे उद्यमों के लिए एक बड़ा बढ़ावा है।-यह सुधार राज्य के पारंपरिक शिल्प और कपड़ा क्षेत्रों के लिए विशेष महत्व रखता है। कानपुर और आगरा के चमड़ा और जूता उद्योग, जिनमें दस लाख से ज़्यादा कर्मचारी कार्यरत हैं, लाभान्वित होंगे। इसी तरह, लखनऊ की चिकनकारी जैसी हस्त–कढ़ाई की कृतियाँ उपभोक्ताओं के लिए अधिक सुलभ हो जाएँगी क्योंकि इसे पांच प्रतिशत कर स्लैब में रखा गया है, जिससे इन शिल्पों पर अपनी आजीविका के लिए निर्भर हज़ारों कारीगरों को राहत मिलेगी। वहीं फिरोज़ाबाद के जीआई टैग कांच शिल्प को भी बड़ा बढ़ावा मिलेगा। संशोधित दरों के साथ, अगली पीढी के जीएसटी सुधारों का उद्देश्य उपभोक्ताओं के लिए सामर्थ्य बढ़ाना और कारीगरों के मार्जिन में सुधार करना है। समर्थ के साथ, नितिका गुप्ता, आकाशवाणी समाचार, नई दिल्ली।*

——————————

**उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की पीसीएस–2025 प्रारंभिक परीक्षा आज प्रदेशभर के 1 हजार 435 केंद्रों पर सख्त निगरानी में सम्पन्न हुई। परीक्षा में 200 पदों के लिए कुल 6 लाख 26 हजार अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। सुबह साढ़े नौ बजे से साढ़े**

11 बजे तक की पहली पाली की परीक्षा हुई और दूसरी पाली दोपहर ढाई बजे से साढ़े 4 बजे तक चली। एक रिपोर्ट.....

*परीक्षा के दौरान लखनऊ, कानपुर देहात, उन्नाव, प्रयागराज और जौनपुर सहित सभी केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। परीक्षा की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए इस बार आयोग ने एआई आधारित निगरानी प्रणाली लागू की थी। आयोग अपने हाईटेक कंट्रोल रूम से परीक्षा की लगातार निगरानी करता रहा। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों का प्रवेश डेढ़ घंटा पहले शुरू हो गया। साथ ही परीक्षा शुरू होने से 45 मिनट पहले केंद्र का मुख्य गेट बंद कर दिया गया। राजधानी लखनऊ में आयोग की परीक्षा के लिए सबसे अधिक उनसठ केंद्र बनाए गए थे, जिन पर 27 हजार 456 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। आकाशवाणी समाचार कक्ष से दीपाली सिंह।*

————————

अयोध्या में आयोजित प्रसिद्ध रामकोट परिक्रमा में आज बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। परिक्रमा का नेतृत्व हनुमानगढ़ी के वरिष्ठ पुजारी रमेश दास जी महाराज ने किया, उनके सानिद्धय में श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के जयकारों के साथ परिक्रमा पूरी की, जिसमें 23 जनपदों से आए गायत्री शक्तिपीठ के श्रद्धालुओं के साथ दक्षिण भारत से श्रोराम भक्तों ने भी अपनी हाजिरी लगाई।

————————

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा प्रदेश में दीपावली पर्व के मद्देनजर विशेष प्रवर्तन अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत खाद्य पदार्थों

की गुणवत्ता की जांच के लिए पूरे राज्य में निरीक्षण, नमूना संग्रहण, जब्तीकरण तथा नष्टीकरण का कार्य किया जा रहा है।

(समाप्त)